नईदुनिया



# प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश से नदी नाले उफने, फसलें और घर प्रभावित

## बाइक सवार दो युवक बहे, खंडवा में फसलों को भारी नुकसान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मप्र में लगातार हो रही बारिश के बीच खरगोन जिले के ऊन क्षेत्र में बड़ा हादसा हो गया। इंदौर से लौट रहे बाइक सवार दो दोस्त पुलिया पार करते समय तेज बहाव में बह गए। हादसे में एक युवक तैरकर बाहर निकल आया, जबकि दूसरा युवक लापता हो गया।

राज्य आपदा मोचन बल और पुलिस की टीम देर शाम तक उसकी तलाश में जुटी रही। प्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार को तेज बारिश दर्ज की गई। भोपाल में भी झमाझम बारिश हुई। खरगोन के गोगावां में सबसे अधिक 7.6 इंच बारिश दर्ज की गई, जबकि



बुरहानपुर शहर में 7 इंच और बैतूल के भीमपुर में 6.6 इंच पानी गिरा। 33 शहरों और कस्बों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश हुई। खंडवा जिले में बारिश का सबसे अधिक असर दिखाई दिया, जहां कपास और मक्का की फसलें खेतों में बिछ गईं। आबना और सुक्ता नदी के तेज बहाव के बीच फंसे चार लोगों को राज्य आपदा मोचन बल ने करीब साढ़े दस घंटे के अभियान के बाद सुरक्षित बाहर निकाला। बड़वानी के सेंधवा में कई घरों में पानी घुस गया। प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

## पूर्व थल सेनाध्यक्ष जनरल शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व थल सेनाध्यक्ष जनरल विश्वनाथ शर्मा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। जनरल शर्मा वर्ष 1988 से 1990 तक भारतीय थल सेना के अध्यक्ष रहे थे। उन्हें परम विशिष्ट सेवा और अतिविशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृभूमि की सेवा में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

## लवप्रीत को बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स-2026 में पुरुष प्लस 110 किलोग्राम भारोत्तोलन प्रतिस्पर्धा में रजत पदक जीतने पर लवप्रीत सिंह को बधाई दी है।

# आयुष्मान भारत योजना के क्लेम भुगतान में तेजी लाने के निर्देश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को योजनाओं और प्रशासनिक कार्यों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में जवाबदेही और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने विभाग में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों के मानदेय का भुगतान समय पर करने के निर्देश देते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण और भुगतान प्रक्रिया की नियमित निगरानी के लिए कहा।

उप मुख्यमंत्री ने आयुष्मान भारत योजना के तहत अस्पतालों के एम्पेनेलमेंट की प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक योग्य स्वास्थ्य संस्थानों को योजना से जोड़ा जाए, जिससे पात्र नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके। साथ ही एम्पेनल्ड अस्पतालों के क्लेम का भुगतान तय समय सीमा में सुनिश्चित करने को कहा।

### कई वरिष्ठ अधिकारी होंगे सेवानिवृत्त

# प्रशासनिक और पुलिस महकमे में बदलाव की तैयारी

- **प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव और ग्वालियर आईजी अरविंद कुमार सक्सेना सेवानिवृत्त**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश के प्रशासनिक और पुलिस महकमे में आने वाले समय में बड़े बदलाव की संभावना है। प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग उमाकांत उमराव और ग्वालियर के पुलिस महानिरीक्षक अरविंद कुमार सक्सेना शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। दोनों अधिकारियों के कार्यमुक्त होने के बाद राज्य सरकार जल्द ही नई पदस्थापनाओं के आदेश जारी कर सकती है।

उमाकांत उमराव वर्तमान में पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह विभाग मंत्री लखन पटेल से वापस लेकर अपने पास रखा था। ऐसे में अब विभाग की जिम्मेदारी किसी प्रमुख सचिव या अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी को सौंपी जा सकती है।

अगस्त माह में पुलिस विभाग के तीन वरिष्ठ अधिकारी भी सेवानिवृत्त होंगे। इनमें पुलिस महानिदेशक अजय कुमार शर्मा, पुलिस महानिदेशक आशुतोष राय और अपर पुलिस महानिदेशक ए. साईं मनोहर शामिल हैं। इसके अलावा सागर के पुलिस महानिरीक्षक मिथलेश शुक्ला भी अगस्त में सेवानिवृत्त होंगे।

ग्वालियर पुलिस महानिरीक्षक अरविंद कुमार सक्सेना के साथ भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी शशिकांत शुक्ला भी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। वहीं, भारतीय पुलिस सेवा की अधिकारी सोनाली मिश्रा अक्टूबर में सेवानिवृत्त होंगी। वरिष्ठ अधिकारियों के सेवानिवृत्त होने के बाद राज्य सरकार को कई महत्वपूर्ण पदों पर नई नियुक्तियां करनी होंगी। इससे प्रशासनिक और पुलिस विभाग में नई जिम्मेदारियों के साथ बदलाव होने की संभावना है।

### कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

# विश्व आदिवासी दिवस पर अवकाश समेत तीन मांग

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक दल के आदिवासी प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर आदिवासी समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने विश्व आदिवासी दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने, आदिवासी क्षेत्रों की शासकीय संस्थाओं के निजीकरण पर रोक लगाने और रीवा में आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष की हत्या के आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में 9 अगस्त को मनाए जाने वाले विश्व आदिवासी दिवस पर राज्यस्तरीय सार्वजनिक अवकाश घोषित करने, आदिवासी क्षेत्रों के शासकीय आईटीआई, छात्रावासों एवं स्वास्थ्य केंद्रों के निजीकरण पर तत्काल रोक लगाने तथा रीवा आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष की हत्या के दोषियों



के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान विधायक फूंदेलाल मार्को, केदार डाबर, झूमा सोलंकी, संजय उइके और सुनील उइके भी मौजूद रहे।

मुलाकात के बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि आदिवासी समाज के सम्मान, अधिकार और भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को पूरी गंभीरता के साथ मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया है। उन्होंने विश्व आदिवासी दिवस पर राजकीय अवकाश घोषित करने, आदिवासी छात्रावासों व अन्य शासकीय संस्थानों के निजीकरण पर रोक लगाने, जर्जर छात्रावासों की स्थिति में सुधार करने तथा रीवा हत्याकांड के दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग दोहराई।

## मुख्यमंत्री ने सीमा कालीरमन को दी बधाई

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल-2026 में महिलाओं की चक्का फेंक प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय खिलाड़ी सीमा कालीरमन को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि सीमा कालीरमन की मेहनत, लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन ने करोड़ों भारतीयों को गौरवान्वित किया है। सीमा ने अपने शानदार प्रदर्शन से देश का गौरव बढ़ाया है और युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनी हैं। मुख्यमंत्री ने सीमा कालीरमन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे इसी तरह निरंतर सफलता हासिल कर देश का नाम रोशन करती रहें।

## मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर किया नमन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर उन्हें नमन किया। डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि मुंशी प्रेमचंद ने अपनी लेखनी से गांव, किसान, श्रमिक और वंचित वर्ग के जीवन संघर्ष को सजीव अभिव्यक्ति दी। उनका साहित्य सामाजिक न्याय, मानवीय संवेदना, समानता और नैतिक मूल्यों का सशक्त संदेश देता है।

# हिंदी सेवा के समर्पित साधक कैलाशचंद्र पंत नहीं रहे

- **मुख्यमंत्री ने जताया शोक, आज अंत्येष्टि**
- **हिंदी सेवा और साहित्य जगत में योगदान के लिए हमेशा याद किए जाएंगे**



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सुप्रसिद्ध हिंदी सेवी और मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के पूर्व मंत्री संचालक पद्मश्री कैलाशचंद्र पंत का शुक्रवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार सुबह 10 बजे उनके निवास सी-1/2 कंफर्ट शैलेट, चूना भट्टी से निकलेगी और हिंदी भवन पहुंचेगी, जहां उनकी पार्थिव देह अंतिम दर्शन के लिए रखी जाएगी। इसके बाद सुबह 11 बजे यात्रा भदभदा विश्राम घाट के लिए रवाना होगी।

श्री पंत का जन्म वर्ष 1936 में हुआ था। उनकी शिक्षा महू और इंदौर में हुई। उन्होंने अपने जीवन की शुरुआत पत्रकारिता से की और बाद में हिंदी सेवा को अपना जीवन समर्पित कर दिया। आठवें दशक के अंतिम वर्षों में उन्होंने मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के मंत्री संचालक का दायित्व संभाला और हिंदी भवन को नई पहचान दिलाई। उनकी हिंदी सेवा और साहित्यिक योगदान के लिए भारत सरकार ने इसी वर्ष उन्हें पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया था। पत्रकारिता के क्षेत्र में भी उन्हें मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित किया गया। उनके निधन से साहित्य जगत में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रभाषा प्रचार समिति में कैलाशचंद्र पंत का योगदान लंबे समय तक स्मरणीय रहेगा। उनके परिवार में बेटियां प्रीति, निवेदिता और अदिति सहित अन्य सदस्य हैं।

# यूनियन कार्बाइड क्षेत्र के पानी पर सवाल, जांच में मिले दूषित तत्व

## गैस पीड़ित संगठनों का दावा, 63 में से 43 नमूनों में मल से जुड़े बैक्टीरिया मिले

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भोपाल गैस त्रासदी पीड़ित संगठनों ने शहर में पेयजल आपूर्ति को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। संगठनों का दावा है कि यूनियन कार्बाइड कारखाने के आसपास के क्षेत्रों में सीवेज से दूषित पानी की आपूर्ति की जा रही है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा बढ़ रहा है।




गैस त्रासदी पीड़ितों के चार संगठनों ने प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल के नमूनों की जांच कराई है। संगठनों के अनुसार, इस माह 30 बस्तियों के नलों से पानी के 63 नमूने लिए गए, जिनमें से 43 नमूनों में मल से जुड़े बैक्टीरिया पाए गए। उनका दावा है कि करीब 70 प्रतिशत नमूनों में दूषित तत्व मिलने से पानी की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। भोपाल गैस पीड़ित महिला-पुरुष संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष नवाब खान ने बताया कि जांच में कई क्षेत्रों का पानी दूषित पाया गया है। उन्होंने दावा किया कि बड़ा तालाब और कोलार बांध से आपूर्ति किए जाने वाले पानी के कुछ नमूने भी जांच में दूषित मिले हैं।

भोपाल गैस पीड़ित महिला स्टेशनरी कर्मचारी संघ की अध्यक्ष रशीदा बी ने कहा कि वर्ष 2004 में उच्चतम न्यायालय ने भूजल प्रदूषण को लेकर प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। भोपाल गैस पीड़ित निराश्रित पेंशनभोगी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष बालकृष्ण नामदेव ने कहा कि वर्ष 2018 में सीवर लाइन और बेहतर जल निकासी व्यवस्था के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### नई सूची में बढ़े 27.40 लाख नाम

# प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 5.67 करोड़ के पार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रदेश में आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों से पहले मतदाता सूची को लेकर स्थिति स्पष्ट हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार कराई गई मतदाता सूची की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में कुल 5 करोड़ 67 लाख 21 हजार 353 मतदाता दर्ज हैं। यह संख्या विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद जारी सूची से 27 लाख 40 हजार अधिक है।



- **राज्य निर्वाचन आयोग की रिपोर्ट में ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या अधिक**

राज्य निर्वाचन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं की संख्या 4 करोड़ 6 लाख 70 हजार है, जबकि शहरी क्षेत्रों में 1 करोड़ 60 लाख 50 हजार 984 मतदाता हैं। वर्ष 2027 में होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव 31 दिसंबर 2026 की स्थिति पर आधारित मतदाता सूची के अनुसार कराए जाएंगे। चुनाव आयोग द्वारा नवंबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया कराई गई थी। इसके बाद जारी मतदाता सूची में प्रदेश में कुल 5 करोड़ 39 लाख 81 हजार 65 मतदाता दर्ज थे। इनमें 2 करोड़ 79 लाख 4 हजार 975 पुरुष, 2 करोड़ 60 लाख 75 हजार 186 महिला और 904 तृतीय लिंग मतदाता शामिल थे। राज्य निर्वाचन आयोग की नई सूची में कुल पुरुष मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 91 लाख 9 हजार 422, महिला मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 76 लाख 10 हजार 389 और तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 1542 है। जिलों से जारी सूची के बाद आयोग ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं का ताजा विवरण जारी किया है।

## मुख्य सचिव के स्टाफ में बदलाव, मुख्यमंत्री कार्यालय में भी नई पदस्थापनाएं

**नप्र, भोपाल :** मध्यप्रदेश मंत्रालय में प्रशासनिक फेरबदल का दौर शुरू हो गया है। निवर्तमान मुख्य सचिव अनुराग जैन के नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनाए जाने और दिल्ली जाने के बाद नए मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल के स्टाफ में आंशिक बदलाव किया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री कार्यालय में भी नए अधिकारियों की पदस्थापना के बाद उनके स्टाफ में बदलाव किए गए हैं।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालयों में निजी सचिव और आशुलिपिक के पदों पर नए अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। सभी स्थानांतरित अधिकारी और कर्मचारी मंत्रालय सेवा से जुड़े हैं। आने वाले दिनों में कुछ और बदलाव होने की संभावना है। आदेश के अनुसार मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल के निजी सचिव की जिम्मेदारी हरिशंकर भार्गव को सौंपी गई है। वहीं अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सचिन सिन्हा के निजी सचिव पद पर शेख हबीब को नियुक्त किया गया है। प्रमुख सचिव राजस्व एवं नर्मदा घाटी विकास विभाग डॉ. ई. रमेश कुमार के निजी सचिव पद पर संजय कुमार जोशी और आशुलिपिक पद पर योगेश गोयल की पदस्थापना की गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय में सचिव डॉ. सुदाम खाड़े के आशुलिपिक के रूप में सतीश कुमार शुक्ला और मुख्यमंत्री के उपसचिव सुधीर कोचर के स्टाफ में पंकज उइके को नियुक्त किया गया है।

# किसानों की पूरी फसल खरीदें या जनप्रतिनिधि भी लें कम वेतनःसपा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मप्र में मूंग खरीदी के मुद्दे को लेकर राजनीति तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी मध्यप्रदेश ने राज्य सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाते हुए मूंग की पूरी फसल खरीदने की मांग की है। सपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने कहा कि यदि सरकार किसानों की पूरी मूंग फसल खरीदने में सक्षम नहीं है तो प्रदेश के विधायक, सांसद और मंत्री भी केवल 60 प्रतिशत वेतन ही लें। डॉ. यादव ने कहा कि किसान पूरी मेहनत से फसल तैयार करता है, लेकिन सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर केवल 60 प्रतिशत खरीदी कर रही है। इससे किसानों को शेष उपज खुले बाजार में कम कीमत पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ ऐसा दोहरा मापदंड स्वीकार नहीं किया जाएगा। समाजवादी पार्टी ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर भी निशाना साधा। पार्टी ने कहा कि मध्यप्रदेश से आने वाले केंद्रीय कृषि मंत्री और प्रदेश व केंद्र में एक ही दल की सरकार होने के बावजूद किसानों को अपनी मांगों के लिए आंदोलन करना पड़ रहा है।

## शहीद उधम सिंह के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने क्रांतिकारी शहीद उधम सिंह के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि शहीद उधम सिंह ने जलियांवाला बाग नरसंहार के निर्दोष शहीदों को न्याय दिलाने के लिए अदम्य साहस धैर्य और राष्ट्रभक्ति का परिचय देते हुए जलियांवाला बाग नरसंहार के लिये जिम्मेदार जनरल डायर की कार्रवाई को सही ठहराने वाले पंजाब के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर माईकल ओडवायर को ब्रिटेन जाकर गोलियों से भून डाला। बाद में 1940 में शहीद उधम सिंह को लंदन में फांसी दे दी गई।

# ई-विकास प्रणाली को प्रभावी बनाने समिति गठित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राज्य शासन ने ई-विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली के क्रियान्वयन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में समिति का गठन किया है।

समिति विभिन्न किसान संगठनों से सुझाव प्राप्त कर प्रणाली की समीक्षा करेगी और एक सप्ताह में अपनी अनुशंसाएं शासन को सौंपेगी। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार समिति में मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ के प्रबंध संचालक, नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त, नर्मदापुरम और हरदा जिले के कलेक्टर सदस्य होंगे। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप सचिव को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है।

समिति ई-विकास प्रणाली के संचालन में आने वाली व्यवहारिक और तकनीकी कठिनाइयों की समीक्षा करेगी। इसके साथ ही नर्मदापुरम और हरदा जिलों के भ्रमण के दौरान किसान संगठनों और कृषक प्रतिनिधियों से सुझाव लिए जाएंगे। समिति का उद्देश्य ई-विकास प्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। इसके अलावा उर्वरक वितरण व्यवस्था को वैज्ञानिक, संतुलित और पारदर्शी बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए जाएंगे। समिति आवश्यकता पड़ने पर विषय विशेषज्ञों और अन्य अधिकारियों को आमंत्रित कर उनके विचार भी ले सकेगी।

**समीक्षा** | *मंत्री विश्वास सारंग ने योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश*

# मूंग खरीदी से सहकारी बैंकिंग तक मिशन मोड में काम करने के निर्देश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने शुक्रवार को मंत्रालय में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश में मूंग एवं उड़द खरीदी, सहकारी बैंकिंग व्यवस्था, मुख्यमंत्री जन-कल्याण योजना और 'सहकारिता में सहकार' अभियान की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन मिशन मोड में करते हुए किसानों और सहकारी संस्थाओं को अधिकतम लाभ पहुंचाया जाए। श्री सारंग ने कहा कि मूंग और उड़द खरीदी के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी



चाहिए। खरीदी केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने उड़द खरीदी के लिए पर्याप्त मात्रा में बारदाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जहां गोदामों की कमी है या भंडारण क्षमता पूरी हो चुकी है, वहां तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। आवश्यकता पड़ने पर अंतर-जिला गोदामों का उपयोग कर किसानों की उपज का समय पर उठाव सुनिश्चित किया जाए।

सहकारी बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मंत्री ने दुग्ध सहकारी समितियों में चरणबद्ध तरीके से सूक्ष्म एटीएम उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सहकारी बैंकों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति, आकर्षक ब्याज योजनाएं तैयार करने और समितियों के बैंक खाते सहकारी बैंकों में संचालित कराने को कहा।

मंत्री ने राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की योजनाओं में मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने 'सहकारिता में सहकार' अभियान की साप्ताहिक समीक्षा करने और लक्ष्य आधारित कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि सहकारिता किसानों, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और प्रदेश के विकास का मजबूत आधार है। बैठक में प्रमुख सचिव सहकारिता डी.पी. आहूजा, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ के प्रबंध संचालक अभिजीत अग्रवाल सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com